भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3899
जिसका उत्तर मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

पर्यावरण अनुकूल कारें

3899. श्री अनुराग सिंह ठाकुर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में पर्यावरण अनुकूल कारों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) देश में कुल ऑटोमोबाइल की संख्या की तुलना में पर्यावरण अनुकूल वाहनों का राज्य-वार प्रतिशत कितना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): सरकार देश में पर्यावरणानुकूल कारों अर्थात् सीएनजी आधारित वाहनों, हाइब्रिड वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों आदि को बढ़ावा दे रही है। सरकार ने पैट्रोल में 5% एथेनॉल मिश्रित करने को भी अनिवार्य बनाया है। इसके अलावा, भारत में इलेक्ट्रिक तथा हाइब्रिड वाहनों के तीव्र अंगीकरण तथा विनिर्माण के लिए नैशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन 2020 के तहत एक योजना तैयार की गई है। इस योजना में देश में विश्वसनीय, वहनीय और दक्ष इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों (एक्सईवी) के प्रगामी प्रवेशण की परिकल्पना की गई है जिससे भारत को वर्ष 2020 तक विश्व में एक्सईवी दुपहिया और चौपहिया वाहनों के बाजार में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सहायता मिलेगी। इस मिशन का उद्देश्य लोगों को एक ऐसी स्वच्छ परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना है जो गैसोलीन आधारित जीवाश्म ईंधन पर आधारित नहीं हो।

(ग): सूचना एकत्र की जा रही है।

****